नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 159/2020
Dt-31.12.2020

अपर मुख्य सचिव
पथ निर्माण विभाग
बिहार, पटना।

विषयः– मधुबनी जिला अन्तर्गत मेरे विधान सभा झंझारपुर निर्वाचन क्षेत्र स्थित N.H.-57 मोहना चौक से नव स्वीकृत N.H.-527A तक एक **नया बाईपास सड़क** निर्माण के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना चाहता हूँ कि मधुबनी जिला के झंझारपुर एक पुराना अनुमंडल एवं नगर पंचायत भी उसी के अधीन है। वर्त्तमान में N.H.-57 मोहना चौक से N.H.-527A पर जाने के लिए सभी छोटे, मध्यम एवं भारी वाहन को झंझारपुर शहर होकर जाना पड़ता है। भारी वाहन के आवागमन के कारण शहर में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके कारण आमजनों को परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। N.H.-57 मोहना चौक से नवस्वीकृत N.H.-527A में एक नया बाईपास सड़क बनाकर जोड़ दिया जाता है तो भारी वाहनों के आने–जाने में आसानी हो जाता एवं आमजनों को भारी कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

ज्ञात हो कि झंझारपुर अनुमंडल एवं नगर पंचायत के अन्तर्गत सभी बिहार सरकार एवं भारत सरकार के कई कार्यालय उस पथ में स्थित है, जैसे–विद्यालय, अनुमण्डल, अस्पताल, खेल मैदान, अग्निशाम कार्यालय, रेलवे स्टेशन, महाविद्यालय, न्यायालय एवं कई बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान अवस्थित है। दिनांक 5 जून 2020 को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का शिलान्यास भी नगर क्षेत्र में हीं किया गया है।

N.H.-57 मोहना चौक के बगल से N.H.-527A के आगे तक जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार की नहर जाती है। उस नहर के पश्चिमी बाँध पर बाईपास सड़क का निर्माण किया जाता तो झंझारपुर मुख्य शहर से भारी वाहनों एवं कई अन्य छोटे–मध्यम वाहनों का आना–जाना बाईपास सड़क से होगा जिससे झंझारपुर मुख्य सड़क पर दबाव होने के कारण जाम की समस्या से निजात मिल जाता। इस बाईपास सड़क के बन जाने से मधेपुर एवं फूलपरास जाने वाली छोटे–बड़े वाहन को भी आने–जाने में सुविधा हो जायेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि N.H.-57 मोहना चौक से N.H.-527A तक झंझारपुर स्थित एक बाईपास सड़क का निर्माण करने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई करना चाहेंगें।

नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com